DAY BOARDING FACILITY
TRANSPORT FACILITY for Chandigarh, Mohali & Kharar
Sector 77, Mohali, Ph- 0172-3290662, 9417013795, 9417258830
website: www.goldenbells.org Email: goldenbells2k2@hotmail.com

वाली मौजूदा पेड पार्किंग की व्यवस्था में भी सुधार लाने की बात कही थी।

किसी भी हाल में नहीं लगनी चाहिए।
-सर्वजीत सिंह पारस, महासचिव व्यापार मंडल

बात होना
-कुलजीत

CITY ANCHOR

मोहाली के अमृतपाल सिंह ने सिख कम्युनिटी के लिए ऐसी दो वेबसाइट्स बनाई हैं, जिनका टाइअप 28 देशों के गुरुद्वारों से है।

इनकी वेबसाइट्स विदेशी गुरुद्वारों में जॉब्स दिलवाती हैं

मधुप यादव •

'विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर मुझसे किसी ने पांच लाख रुपए ठग लिए थे। मैं विदेश तो चला गया लेकिन मुझे वहां नौकरी नहीं मिली। अब किसी तरह से पैसा जुटाना था ताकि सर चढ़ा कर्ज उतार सकूं। ...और फिर अपने देश वापस जाकर सुकून की जिंदगी जी सकूं। मैंने कभी टैक्सी चलाई तो कभी स्टोरकीपर का काम किया। कई बार तो साफ-सफाई का काम करके अपना गुजारा किया।' यह कहानी है अमृतपाल सिंह का। वे इन मोहाली में रहते हैं और दो बेवसाइट्स चला रहे हैं। ऐसे वेबसाइट्स जो सिख कम्युनिटी के लोगों को विदेशों में जॉब्स मुहैया करवाती हैं। इसके लिए अमृतपाल सिंह ने 28 कंट्रीज के गुरुद्वारों में टाइअप किया है। यह सफर कैसे शुरू हुआ बता रहे हैं अमृतपाल सिंह।'बात 2004 की है। मैं सिंगापुर में था। मैं हर रविवार गुरुद्वारे जाया करता था। वहां मुझे ऐसे कई लोग मिलते थे जो मायूस होते थे। उनमें से ज्यादातर ऐसे थे जिनके साथ नौकरी के नाम पर धोखा हुआ था। वे सभी पंजाब वापस लौटना चाहते थे। बस यही बात मेरे मन में बैठ गई। मैंने सोचा ऐसा क्या किया जाए जिससे कि सिखों की विदेशों में पहचान बने और उनके साथ कोई धोखाधड़ी भी न हो। छानबीन के बाद मैंने 2005 में गुरुद्वारा जॉब्स वेबसाइट बनाई। इससे मैंने विदेशी गुरुद्वारों को जोड़ा। इनके जरिए इंप्लाइ को सीधे गुरुद्वारों के संपर्क में लाया। यहां तक कि इसके लिए कोई फीस भी नहीं रखी। 2006 में इंडिया वापस आया तो अपने पिता जी को कुछ दोस्तों के साथ पार्क में बैठे देखा। उनमें से ज्यादातर ऐसे थे जो अच्छी पोजिशंस से रिटायर्ड हुए थे। मैंने सोचा क्यों न ऐसे लोगों का अनुभव किसी जरूरतमंद के काम आ जाए। इसी मकसद के साथ रिटायर्ड सिख्स वेबसाइट बनाई। रिटायर्ड लोगों को भी विदेशों में जॉब्स दिलवाईं। मेरी दोनों वेबसाइट्स पर 4100 से ज्यादा लोग जुड़े हैं, जिनमें से ज्यादातर लोग अच्छा काम भी कर रहे हैं।'

ये हैं वेबसाइट्स

- www.gurdwarajob.com (इससे विदेशी गुरुद्वारों में रागी, पाठी, कथावाचक, सेवादार, लांगरी, मैनेजर, प्रधान, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य बनने के लिए कोई अप्लाई कर सकता है। इसके लिए कोई फीस अदा करने की जरूरत नहीं है।)
- www.retiredsikhs.com (इसमें रिटायर्ड बैंकर, टीचर, मार्शल, क्लर्क अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते हैं। इसके अलावा बिजनेस ऑप्शन भी यहां उपलब्ध हैं। मेट्रिमोनियल को भी इससे जोड़ा गया है। यह भी फ्री रखा गया है।)

वेबसाइट्स के यह फायदे

इंप्लॉइ को : इसमें कोई भी अपना बायोडाटा फ्री में पोस्ट कर सकता है। ...और साइट पर मौजूद नौकरी के लिए अप्लाई भी कर सकता है।

इंप्लॉयर को : वे फ्री में अपना प्रचार कर सकते हैं। बगैर किसी मिडिलमैन के इंप्लाइ से सीधे संपर्क किया जा सकता है।